कोटद्वार, मंगलवार
5 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 215 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

संसद सत्र का पहला दिन

## महुआ मोइत्रा मामले में एथिक्स कमेटी पेश करेगी जांच रिपोर्ट

नई दिल्ली, संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच करने वाली सदन की एथिक्स कमेटी अपनी जांच रिपोर्ट लोक सभा में पेश करेगी।

सदन में इसे लेकर हंगामा हो सकता है।इसके अलावा आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले भारतीय न्याय संहिता विधेयक –2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक–2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 पर गृह मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को भी सोमवार को ही सदन में पेश किया जाएगा। सरकार की तरफ से सदन में द सेंट्रल यूनिवर्सिटीज (अमेंडमेंट) बिल–2023 और द एडवोकेट्स (अमेंडमेंट ) बिल–2023 भी पेश किया जाएगा।आपको बता दें कि,लोकसभा के लिस्ट ऑफ बिजनेस के अनुसार, विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली लोक सभा की एथिक्स कमेटी सोमवार को महुआ मोइत्रा मामले में की गई अपनी जांच रिपोर्ट को सदन के पटल पर पेश करेगी। एथिक्स कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट को 10 नवंबर को ही लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दिया था। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोक सभा अध्यक्ष बिरला के निर्देश पर पूरे मामले की जांच कर एथिक्स कमेटी ने लगभग 500 पन्नो की अपनी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे एथिक्स कमेटी की बैठक में 6–4 के अंतर से मंजूर कर लिया था।सूत्रों के मुताबिक, एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को काफी गंभीर मानते हुए उनके आचरण को आपत्तिजनक और अनैतिक करार दिया है।

### भाजपा सांसदों ने किया पीएम मोदी का स्वागत



नई दिल्ली, विधान सभा चुनावों में मिली जीत का असर संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन भी नजर आया। मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां जनादेश से विपक्ष को सबक लेते हुए सकारात्मकता से काम करने की नसीहत दी, वहीं लोक सभा के अंदर भाजपा सांसदों ने तीसरी बार मोदी सरकार, बार–बार मोदी सरकार और भारत माता की जय के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। सोमवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सोनिया गांधी, टी आर बालू, फारूक अब्दुल्ला सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई सांसद सदन में पहुंच गए। सदन की कार्यवाही शुरू होने से लगभग पांच मिनट पहले जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के अंदर दाखिल हुए, भाजपा सांसदों ने पहले भारत माता की जय के नारे के साथ उनका स्वागत किया ।

## तेलंगाना में वायुसेना का विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

दो पायलटों की मौत



हैदराबाद/नई दिल्ली,हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर मेडक जिले के तूप्रान के पास सोमवार सुबह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई।

पिलाटस पीसी 7 एमके टू ट्रेनर विमान ने सुबह नियमित प्रशिक्षण उड़ान के लिए वायु सेना अकादमी, हैदराबाद से उड़ान भरी थी।वायुसेना अधिकारियों ने बताया कि दोनों पायलटों में से एक प्रशिक्षक और एक प्रशिक्षु था।आईएएफ ने एक बयान में कहा, यह बेहद अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि एलएएफ पुष्टि करता है कि विमान में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई हैं। किसी भी नागरिक जीवन या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

इसमें कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। विमान चट्टानों के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई। स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM (CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA, The Fern, Crowne Plaza, Jaypee Hotels & Resorts, Country, Courtyard Marriott Ahmedabad, Sayaji, Welcomhotel, Pride, Hyatt, Taj, Marriott Hotels & Resorts, Raffles
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# मुख्यमंत्री ने किया मेरी योजना पुस्तक का ई बुक के रूप में विमोचन






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गई पुस्तक ह्यह्य मेरी योजनाह्लह्ल का विमोचन ई0 बुक के रूप में किया। सीएम ने कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आम जनता के हित में लागू की जाने वाली विभिन्न योजनाओं को पुस्तक के माध्यम से सरल भाषा में समझाने का प्रयास किया गया है। इससे जन सामान्य को जनहितकारी योजनाओं को सरल भाषा में समझने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक जनप्रतिनिधियों तथा आम जनमानस के साथ–साथ अधिकारी गणों एवं कार्मिकों के लिए भी उपयोगी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी, आवेदन कैसे और कहां करना है एवं योजनाओं की पात्रता/चयन प्रक्रिया क्या है तथा आवेदन हेतु किन–किन आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता रहती है। इससे संबंधित जानकारी को सुलभता से समझाने की प्रक्रिया को पुस्तक के रूप में सरल भाषा में समावेश किया जाना निश्चित रूप से सभी के लिए उपयोगी रहेगा।

सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने बताया कि इस पुस्तक को प्रकाशित करने का मूल उद्देश्य जनसामान्य को जनकल्याणकारी, स्वरोजगार परक, रोजगारपरक, कौशल विकास, प्रशिक्षण परक एवं निवेशपरक योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराना है।

सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन ने बताया कि इस पुस्तक में लगभग 55 विभागों, संस्थाओं, संगठनों, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियों एवं आयोगों की लगभग 400 योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों के मूलभूत सेवाओं, प्रमाणपत्रों, पोर्टल का समावेश किया गया है। इससे राज्य सरकार के सभी विभागों द्वारा आम जनमानस के हित में संचालित की जाने वाली योजनाओं की जानकारी इस पुस्तक के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाना है।

## सीएचसी की समस्याओं को लेकर व्यापारी हुए मुखर

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं को लेकर स्थानीय जनता के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मुखर हो गए हैं।

सोमवार को व्यापारियों ने सीएचसी पहुंचकर प्रभारी चिकित्साधिकारी से जानकारी लेकर डिप्टी सीएमओ से समस्याओं के निदान की मांग की। सोमवार सुबह व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान के नेतृत्व में अस्पताल पहुंचे व्यापारियों ने वहां मौजूद कर्मचारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी का चार्ज सहिया के प्रभारी डॉ. विक्रम सिंह तोमर के पास है, जो सोमवार और बुधवार को चकराता सीएचसी आते हैं।

## एक नजर

### ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

रुड़की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सावतवाली गांव में आयोजित कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ग्रामवासियों को साफ–सफाई के साथ–साथ शिक्षा का महत्व भी बताया। ग्राम प्रधान श्रवण कुमार ने ग्रामवासियों को संबोधित कर कहा कि केंद्र सरकार की ओर से देश के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार की ओर से उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब लोगों के लिए मकान भी बनवाए गए हैं। सरकार की ओर से किसानों को प्रतिवर्ष पीएम सम्मान निधि योजना के तहत छह हजार रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### देश में सिर्फ मोदी की गारंटी चल रही: पुंडीर

विकासनगर। सहसपुर विधानसभा की विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को सोरना–डोभरी पहुंची। यात्रा के तहत शिविर का उद्घाटन सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने किया। राजकीय इंटर कॉलेज डोभरी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों और महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से स्टॉल लगाए गए। विधायक ने शिविर में लगी प्रदर्शनी और स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक क्षेत्रवासियों को पहुंचाने के निर्देश विभागीय अधिकारी–कर्मचारियों को दिए। कहा कि देश में सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी चल रही है और जनता को इसका लाभ मिल रहा है।

### मांस की अवैध दुकानों पर कार्रवाई की जाए

हरिद्वार। देवभूमि भैरव सेना संगठन ने जिला अध्यक्ष चरणजीत पाहवा के नेतृत्व में सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट रविंद्र जुवांठा से मुलाकात की। संगठन ने नगर निगम क्षेत्र से मांस की अवैध दुकानों पर कार्रवाई की मांग की। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं।

इस दौरान देवभूमि भैरव सेवा संगठन के जिला महामंत्री अनिल सैनी, शहर अध्यक्ष बक्शी चौहान, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चौहान, जिला कोषाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लव चौहान, हरिद्वार विधानसभा प्रमुख दिवाकर वर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, विनय कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुई जन सुनवाई



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 108 शिकायत प्रात हुई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास दिलाने, रास्ता बंद किए जाने, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, खतौनी में नाम संशोधन करवाने,आर्थिक सहायता दिलाने, सड़क से अतिक्रमण हटाने, आपसी विवाद, कब्रिस्तान हेतु भूमि दिलाने, शिक्षा, नगरनिगम, एमडीडीए से संबन्धित शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनुवाई में प्राप्त शिकायकतों का समय से निस्तारण करें तथा जिन शिकायतों पर जांच में समय लग रहा है के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता को सूचित करें।

जनसुनवाई में अजीतनगर विकासनगर निवासी एक महिला जो वर्तमान में भोपाल मध्यप्रदेश में रहतीं हैं के पिता की मृत्यु उपरान्त अन्यों द्वारा उनके अंश की भूमि को फर्जी/ कूटरचित अभिलेंखो से अन्य के नाम चढ़ाने की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देशों पर कार्यवाही होने पर शिकायतकर्ता महिला ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई में सोड़ा सरोली निवासी एक व्यक्ति द्वारा पंचायत की भूमि खुर्दबुर्द्ध किए जाने तथा पटवारी की मिलीभगत की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत की गई की शीशमबाड़ा एवं भानियावाला में भूमि अधिग्रहण उपरांत मुआवजा नहीं मिला, जिस पर जिलाधिकारी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को निर्देश दिए। इसी प्रकार मारपीट परिजनों द्वारा मारपीट की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक क्राइम को कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी सदर दीपक कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम मिथिलेश कुमार, उप जिलाधिकारी युक्ता मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राम मंदिर के पूजित अक्षत कलश लाया गया दून

देहरादून। अयोध्या राम मंदिर से लाया गया पूजित अक्षत(चावल) कलश को ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ घंटाघर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में रखा गया। पूजित अक्षत एक जनवरी से उत्तराखंड के बीस लाख परिवारों को अयोध्या निमंत्रण के साथ घर घर दिया जाएगा। पूजित अक्षत कलश महानगर देहरादून में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा लाया गया।

मंगलवार मंदिर में होने वाले भव्य साप्ताहिक मिलन केंद्र में अक्षत कलश को पूजन में रखा जाएगा। यह पूजित अक्षत अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाली श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का निमत्रंण है। विहिप के प्रयासों से अयोध्या आने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड के लिए दो विशेष ट्रेनों का संचालन गढ़वाल व कुमाऊं में जनवरी की महत्वपूर्ण तिथियों पर किया जा रहा है। जिससे उत्तराखंड वासियों का अयोध्या पहुंचना सुलभ होगा। इन्हीं सभी विषयों के साथ साप्ताहिक मिलन केंद्र में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में जनवरी में होने वाले भव्य–दिव्य समारोह की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को इस आयोजन के विस्तृत वर्णन के साथ जन–जन तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है।

## अपराधियों से निपटने में सक्षम है उत्तराखंड पुलिस : डीजीपी



हरिद्वार। कार्यवाहक डीजीपी बनने के बाद पहली बार हरिद्वार पहुंचे अभिनव कुमार तेवर में दिखाई दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि उत्तराखंड को सॉफ्ट टॉरगेट समझने वाले गैर राज्यों के अपराधियों से बखूबी निपटना पुलिस को आता है।

जेल में रहकर आपराधिक साम्राज्य चला रहे अपराधियों को अपनी गतिविधियों पर लगाम लगानी होगी, वरना उनसे भी सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए उत्तराखंड पुलिस मित्र नहीं बल्कि काल पुलिस है।

सोमवार को मेला नियंत्रण कक्ष सभागार में अधीनस्थों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस की छवि पर्यावरण पुलिस की भी होगी। विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में पुलिस को पर्यावरण मित्र के तौर पर भी स्थापित किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर बिलकुल समझौता नहीं किया जाएगा। राज्य गठन के बाद प्रदेश में विकास तेजी से हुआ है, इसलिए यूपी समेत अन्य राज्यों के अपराधियों ने उत्तराखंड का रुख किया। डीजीपी ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस आमजन के लिए मित्र पुलिस है, लेकिन अपराधियों के लिए काल पुलिस साबित होगी। अंकिता हत्याकांड का जिक्र करते हुए डीजीपी बोले कि उस घटना से आमजन में महिला अपराधों के प्रति नकारात्मक छवि बनी है, ऐसे में महिला अपराधों को लेकर संवेदनशील रवैया अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं विभाग की महिला कर्मचारियों के प्रति भी बेहतर माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा। जोशीमठ और उत्तरकाशी सुरंग हादसे का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने अच्छा काम किया है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पुलिस को और ज्यादा दुरुस्त किया जाएगा। पर्यावरण प्रदूषण कम करने की दिशा में भी पुलिस सक्रिय रूप से काम करेगी, जिसके तहत थाने–चौकियों में सोलर पावर प्लांट और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जाएगी।

# हवा हुआ विकास, क्षतिग्रस्त चैंबर भी नहीं बनवा पाया निगम

## जगह-जगह क्षतिग्रस्त पड़े चैंबर हादसों को दे रहे न्यौता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम बने पांच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। लेकिन, नगर निगम इन पांच वर्षों में शहर के क्षतिग्रस्त चैंबरों की भी मरम्मत नहीं करवा पाया। नतीजा क्षतिग्रस्त चैंबरों से हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। सबसे बुरी स्थिति सिताबपुर वार्ड नंबर-16 व गाड़ीघाट तिराहे के समीप बनी हुई है।

मुख्य मार्गों के साथ ही वार्डों में क्षतिग्रस्त चैंबर आमजन के लिए मुसीबत बने हुए हैं। आए दिन दोपहिया वाहन चालक चैंबर की चपेट में आने से चोटिल हो रहे हैं। वार्ड नंबर-16 सिताबपुर में पिछले एक माह से चैंबर क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं। टूटे हुए चैंबरों से दोपहिया वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त चैंबर नजर नहीं आते, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। वार्डवासी दीपक कुमार, मयंक कुमार ने बताया कि चैंबर मरम्मत के लिए कई बार नगर निगम को पत्र दे चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। कुछ वर्ष पूर्व वार्ड नंबर-16 में बरसात के समय टूटे चैंबर में गिरने से एक बच्ची की भी मौत हो गई थी। स्थिति देखकर लगता है नगर निगम को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।



कोटद्वार के सिताबपुर वार्ड नंबर-16 में क्षतिग्रस्त पड़ा चैंबर

## हरिद्वार की टीम ने जीता कबड्डी का फाइनल मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राज्य स्तरीय महिला जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हरिद्वार के नाम रहा। इस दौरान टीम प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला हरिद्वार व उधमसिंहनगर के बीच खेला गया। जिसमें हरिद्वार ने 46-40 से उधमसिंहनगर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि, नैनीताल की टीम ने 44-26 से देहरादून को हराकर फाइनल में पहुंची थी। इसके उपरांत हरिद्वार व नैनीताल के बीच फाइनल का कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हरिद्वार ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए नैनीताल को 41-21 से हराया। फाइनल जीतने के बाद हरिद्वार की टीम नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पदेंद्र सिंह बिष्ट व पूर्व राज्य मंत्री जसवीर राणा ने ट्राफी भेंट की। इस मौके पर राज्य कबड्डी एशोसियेशन के अध्यक्ष महेश जोशी, सचिव चेतन जोशी, विवेकानंद, देवेन्द्र भट्ट, गौरव जोशी, डैफोडेल पब्लिक स्कूल के संचालन अर्जुन सिंह, नूतन बिष्ट, संचालन नरेन्द्र सिंह रौथाण आदि मौजूद रहे।

## 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : इडा गांव निवासी रीना देवी ने सोमवार को सुबह अस्पताल जाते समय 108 एंबुलेंस में नवजात को जन्म दिया। 109 सेवा कर्मियों ने एंबुलेंस में प्रसव कराया। स्वास्थ्य केंद्र सतपुली पहुंचने पर चिकित्सकों ने उपचार किया। यहां जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

पाटीसैंण की 108 एंबुलेंस में सोमवार तड़के गर्भवती महिला ने नवजात को जन्म दिया। 108 सेवा में तैनात फार्मासिस्ट रितिक ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे सूचना मिलने पर इड़ा गांव पहुंचे। यहां रीना देवी पत्नी राहुल को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही 108 सेवा में ही गर्भवती की डिलीवरी करवाई गई। इसके बाद सुबह करीब 4 बजे जच्चा-बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र सतपुली में भर्ती कराया गया। जहां दोनों सुरक्षित हैं। 108 सेवा कर्मियों की सूझबूझ से जच्चा-बच्चे की जान बच गई।

# आईएचएमएस के छात्र उत्तम का हुआ पांच सितारा होटल में चयन

### होटल मैनेजमेंट कोर्स के अंतिम वर्ष में ले रहे है शिक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में होटल मैनेजमेंट की शिक्षा ले रहे छात्र उत्तम नेगी का चयन राजस्थान के एक पांच सितारा होटल के लिए हुआ है। छात्र के पांच सितारा होटल में नौकरी लगने पर छात्रों ने खुशी मनाई और संस्थान प्रबंधन ने खुशी जताई है।

संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि ध्रुवपुर कोटद्वार निवासी जगदीश सिहं नेगी और सुनीता नेगी के होनहार पुत्र उत्तम नेगी ने वर्ष 2020 में आईएचएमएस में बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) में प्रवेश लिया था। वह पहले से ही पढ़ने में होशियार रहा।

संस्थान में शिक्षा लेते हुए अंतिम चौथे वर्ष संस्थान परिसर में 18 नवंबर को इंटरव्यू हुआ था।

इस दौरान कई दौर के इंटरव्यू के बाद छात्र का चयन जयपुर राजस्थान के प्रतिष्ठित द ऑबरॉय राज विलास पांच सितारा होटल में सर्विस एसोसिएट के पद पर चयन हुआ है। चार दिसंबर को उसने होटल में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है।

डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि संस्थान में शिक्षा लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ रोजगार परक शिक्षा भी दी जाती है। जिसके कारण कोर्स के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का संस्थान में आने वाली कंपनियों में आसानी से चयन हो जाता है।



आईएचएमएस का छात्र उत्तम

## दीवान ने सिपाही के सिर पर मारी ईंट, घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित कौड़िया चैक पोस्ट में एक दीवान व पुलिस कर्मी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दीवान ने सिपाही के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। घायल सिपाही को राजकीय बेस चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया।

घटना सोमवार सुबह की है। उधमसिंहनगर निवासी नवरतन सिंह ने बताया कि वह कौड़िया चैक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचा दीवान उससे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दीवान ने समीप पड़ी ईंट उठाई और उस पर हमला कर दिया। आस पास मौजूद लोगों ने घटना का विडियो भी बनाया। लोगों की मदद से घायल सिपाही को राजकीय बेस अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, मामले में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच करवाई जाएगी।

## स्थापना दिवस नौ को

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन का 11वां स्थापना दिवस 9 दिसंबर को मनाया जायेगा। इस अवसर पर सामाजिक व जनसरोकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित होने वाले समारोह में पर्वतारोही और अर्जुन पुरस्कार विजेता डा. हर्षवंती बिष्ट मुख्य अतिथि होंगी। यह जानकारी संगठन अध्यक्ष पीएल खंतवाल ने दी।

## बैठक दस को

**कोटद्वार** : गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन से जुड़े चालक-परिचालकों की विशेष बैठक का आयोजन 10 दिसंबर को यूनियन कार्यालय के सभागार में किया जायेगा। बैठक में आय-व्यय व यूनियन चुनाव के संबध में चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए यूनियन अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने सभी चालक परिचालकों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## बैठक दस दिसंबर को

**कोटद्वार** : गढ़वाल भूतपूर्व सैनिक लीग की वार्षि बैठक दस दिसंबर को होगी। जानकारी देते हुए बुद्धिबल्लभ ध्यानी ने बताया कि बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र खंतवाल करेंगे।

## संगठन की बैठक दस को

**कोटद्वार** : सीएपीएफ संगठन की बैठक 13 दिसंबर को होगी। जानकारी देते हुए एएस बिष्ट ने बताया कि त्रैमासिक बैठक बलभद्रपुर नय गांव निकट धनीफार्म स्थित कैंटीन में होगी। जिसमें प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# सिद्धबली की टीम ने जीता क्रिकेट का फाइनल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : महादेव क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित वेटरन प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला सिद्धबली की टीम के नाम रहा। इस दौरान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आयोजित फाइनल मुकाबले का शुभारंभ राकेश खंडूडी, जितेंद्र सिंह रावत व अभिमन्यु रावत ने किया। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सीख दी। इसके उपरांत फाइनल मुकाबला सत्ती चौड़ सुपर किंस व सिद्धबली टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सतीचौड़ ने 21 ओवर में पांच विकेट खोते हुए 148 रन बनाए। जिसमें अनिल शर्मा ने सबसे अधिक 70 रनों का योगदान किया। जवाब में सिद्धबली की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गवाते हुए प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में विवेक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर पतंजलि राज्य कार्यकारिणी अध्यक्ष शोभा रावत, लक्ष्मी रावत, अमित नेगी, रोहित बत्ता, जितेंद्र सिंह रावत, प्रेम सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि

## आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण एक से

**कोटद्वार** : सेवा योजन विभाग के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र कोटद्वार में आरक्षित वर्ग के छात्राओं के लिए आगामी 1 जनवरी 2024 से छः माह का टंकण/लिपिक व्यवसाय व एक वर्षीय आशुलिपि व्यवसाय का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 दिसंबर है।

सहायक सेवायोजन अधिकारी उत्तम कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए साक्षात्कार 30 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे गोविंदनगर स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में होगा। इंटर अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार के समय मूल, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षिक योग्यता के अंक पत्रों व प्रमाण पत्रों को मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा। प्रशिक्षण में हिंदी टंकण, आशुलिपि हिंदी, इंटरनेट प्रशिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रदान किया जाएगा।

# वंदे मातरम छात्र संगठन ने फूंका प्राचार्य का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : छात्रसंघ पदाधिकारियों की अनदेखी से आक्रोशित वंद मातरम छात्र संगठन ने कोटद्वार महाविद्यालय की प्राचार्य का पुतला दहन किया। कहा कि छात्र संघ की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार को छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्राचार्य का पुतला दहन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से महाविद्यालय के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल व छात्र संघ सचिव शुभम सुयाल के नेतृत्व में आंदोलन के बाद शासन ने महाविद्यालय में छात्रावास व लैब रिसोर्स सेंटर की स्वीकृति दी। दो दिसंबर को प्राचार्य ने बिना छात्रसंघ पदाधिकारियों को बताए भवन निर्माण के लिए भूमि का भी पूजन कर दिया। कहा कि छात्र संघ पदाधिकारियों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। जिससे पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है।



प्राचार्य का पुतला दहन करते पदधिकारी।

## पीआरडी जवानों ने की तीन माह का मानदेय देने की मांग

पौड़ी : उत्तराखंड प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन ने पीआरडी जवानों का मानदेय देने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि लक्ष्मणझूला में हुए जी-20 सम्मेलन में पीआरडी जवानों ने तीन दिनों तक ड्यूटी दी, लेकिन अभी तक पीआरडी जवानों को मानदेय नहीं मिल पाया है। जिस कारण जवानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से थाना, चौकियों में तैनात पीआरडी जवानों को तीन महीने का भुगतान करने, यात्रा ड्यूटी का भुगतान करने, कोविड-19 की प्रोत्साहन राशि का जल्द भुगतान करने की मांग की है।

## रामलीला कलाकारों का किया सम्मान

सतपुली : नयारघाटी रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह में रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को शॉल ओढ़कर समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनीष रैतेला, प्रबंधक जयदीप नेगी, कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा, गंगा सिंह बिष्ट, डबल सिंह मियां, इंदु जुयाल आदि मौजूद रहे।

## अश्विन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व

पौड़ी : अश्विन रैथाण अंडर-14 आयु वर्ग में 27वीं नेशनल रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। 9 जनवरी से कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। शहर निवासी अश्विन रैथाण का अंडर-14 आयु वर्ग में 27वीं नेशनल रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अश्विन 9 जनवरी से कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। हल्द्वानी में चयन प्रक्रिया में अश्विन रैथाण ने पहला स्थान प्राप्त किया। इससे पहले भी वे नेशनल माउंटेन साइकिल में उत्तराखंड से प्रतिभाग कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर सातवीं रैंक प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने देहरादून में होने वाली माउंटेन ट्रेल बाइकिंग मालदेवता में भी प्रतिभाग किया है, जिसमें वह अंडर-14 में प्रथम स्थान पर रहे। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के केलांग में होने वाली हाई एल्टीट्यूड माउंटेनिंग साइकलिंग में भी वह दूसरे स्थान पर रहे।

## केसीसी के घर-घर अभियान चलाना आवश्यक : सीडीओ

पौड़ी : घर-घर केसीसी अभियान की बैठक में सीडीओ ने कृषि, उद्यान, पशु, मत्स्य, ब्लाक स्तरीय अधिकारी व बैंक अफसरों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिक से अधिक केसीसी बने इसके लिए घर-घर जाकर अभियान चलाना आवश्यक है, जिससे अधिक से अधिक किसान केसीसी बनाकर इसका लाभ ले सकेंगे।मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के साथ ही गांव-गांव में केसीसी के लिए लोगों को जागरूक करें व उनसे केसीसी के आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने बैंक अफसरो को केसीसी आवेदन प्राप्त होते हुए तत्काल उन्हें स्वीकृत करने को कहा। जिससे किसानों को उसका लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारी को प्रतिदिन केसीसी आवेदनो की रिपोर्ट प्रस्तुत करने, बीडीओ को अपने-अपने स्तर पर किसानो को केसीसी आवेदन के लिए जागरूकता कैंप लगाने के निर्देश दिए। कहा कि केंद्र सरकार की किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसान बैंकों से न्यूनतम ब्याज दर पर अपनी जरूरत के अनुसार पूंजी ले सकता है।

इस पूंजी को किसान अपने कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन सहित अन्य के लिए उपयोग में ले सकता है।

# ओवर ऑल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में आईआरबी प्रथम ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : श्रीनगर स्थित एसएसबी के केदार फायरिंग रेंज में 19वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/ वाहिनी राइफल, रिवाल्वर एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता-2023 सम्पन्न हो गई है। ओवर ऑल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय, ओवर ऑल रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में 31 पीएसी, आईआरबी प्रथम ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह 31 पीएसी को बेस्ट फायरर चुना गया।

मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक, पीएसी/सचिव उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड जनमेजय खंडूरी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में 16 टीमों के 180 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग के 04 इवेंट (15 गज, 25 गज, 30 गज व 50 गज) एवं राइफल शूटिंग में 04 इवेंट (100 गज, 200 गज, 300 गज व 300 गज स्नैप शूटिंग) आयोजित किये गये। राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 100 गज में

**◆ओवर ऑल रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में 31 पीएसी अव्वल**

**◆मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह बनें 31 पीएसी को बेस्ट फायर**

आरक्षी उधीर कुमार आईआरबी, निरीक्षक नीरज कुमार आईआरबी, आरक्षी अंकित कुमार आईआरबी, 200 गज में हेड कांस्टेबल नारायण जोशी 31 पीएसी, आरक्षी कमल परिहार 46 पीएसी, अपर उपनिरीक्षक पीतांबर दत्त जनपद पिथौरागढ़, 300 गज में आरक्षी योगेश 46 पीएसी, आरक्षी राजीव आईआरबी, निरीक्षक संदीप नेगी एटीसी, 300 गज स्नैप राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में आरक्षी महेन्द्र 46 पीएसी, आरक्षी राजीव आईआरबी, आरक्षी पुनीत तोमर आईआरबी, पिस्टल/रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता 15 गज में मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह 31 पीएसी, मुख्य आरक्षी सरद सिंह 40 पीएसी, आरक्षी उधीर कुमार आईआरबी, 25 गज में मुख्य आरक्षी



महिपाल सिंह 31 पीएसी, अपर उपनिरीक्षक आनन्द सिंह जनपद पौड़ी, आरक्षी राजीव आईआरबी द्वितीय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

30 गज प्रतियोगिता में आरक्षी जितेन्द्र आईआरबी, आरक्षी उधीर कुमार आईआरबी, मुख्य आरक्षी महिपाल 31 पीएसी, 50 गज में मुख्य आरक्षी नरेंद्र रावत आईआरबी, मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह 31 पीएसी, आरक्षी गोपाल सिंह 31 पीएसी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में पुलिस उपाधीक्षक टिहरी सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी, प्रतिसार निरीक्षक रुद्रप्रयाग गणेश लाल, दलनायक 31 पीएसी शुक्रुलाल कन्याल, अपर गुल्मनायक 31 पीएसी वीरेन्द्र सिंह रावत, आरक्षी 112 नागरिक पुलिस बद्री प्रसाद, पौड़ी गढ़वाल, आरक्षी हृदय भूषण, पौड़ी गढ़वाल, आरक्षी जयेन्द्र सिंह, पौड़ी गढ़वाल शामिल रहे।

## भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया जीत का जश्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सोमवार को पौड़ी में बीजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। पार्टी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया और प्रचंड बहुमत से बीजेपी को इन प्रदेशों में बागडोर सौंपी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बीजेपी के सुशासन की जीत है।

सोमवार को सुबह ही पार्टी दफ्तर में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का जुटना शुरू हो गया था। पार्टी दफ्तर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पहले मिष्ठान वितरण किया और इसके बाद पालिका तिराह पर आतिशबाजी की। जिला महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी ने कहा कि इस जीत ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया है और 2024 में भी पार्टी प्रचंड बहुमत से जीतेगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी शांति देवी, नगराध्यक्ष क्रांति किशोर, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मयूर भट्ट, पार्टी जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति, संगीता डोभाल, संजय रावत, नवीन गुंसाई, विवेक मंमगाई, राजकुमार, राजेंद्र रावत, बबीता रावत, लक्ष्मण सिंह, राजेंद्र सिंह राणा, मैत्री प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए डीपीआर तैयार करें

## निराश्रित पशुधन के संरक्षण और पुराने पार्कों के जीर्णोद्धार के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : नगर निकायों और विभिन्न क्षेत्रों के एसडीएम के साथ सोमवार को आयोजित बैठक में डीएम ने सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अफसरो को अपने-अपने क्षेत्रों में कूड़े का बेहतर प्रबंधन करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

उपरोक्त दिशा-निर्देश जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नगर निकायों और विभिन्न क्षेत्रों के उपजिलाधिकारियों को वर्चुअज माध्यम से आयोजित की गयी समीक्षा बैठक में दिये।

उन्होंने ऐसे सभी स्थानों पर जहां तेंदुआ का जोखिम अधिक है उन इलाकों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए प्रस्ताव बनाने को कहा, जिससे मानव और पालतु पशुधन के जानमाल का नुकसान ना हो। नगर निकायों को तथा उपजिलाधिकारियों को निराश्रित पशुधन (गाय) के संरक्षण करने के लिए गौशाला निर्माण से जुड़े अधूरे कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित पशुधन कहीं पर भी आवारा घूमता ना छोड़ें। साथ ही जिन गौशालाओं में पशुधन रखा गया है वह ठंड से सुरक्षित रहे, भूखा-प्यासा ना रहे इसकी भी लगातार निगरानी करते रहें। जिलाधिकारी ने सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में पॉलिथीन उन्मूलन का भी लगातार अभियान चलाते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहरों में जितने भी पूर्व में पार्क बनायें गये थे यदि उनके जीर्णोद्धार सौन्दर्यीकरण या विस्तार की आवश्यकता हो तो उस संबंध में भी प्रस्ताव बनायें। इस दौरान वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार वैभव गुप्ता, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, सहित संबंधित क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी वर्चुअल बैठक से जुड़े हुए थे।

## कैरम प्रतियोगिता में देव और प्रियांशी ने मारी बाजी

**पौड़ी** : एसजीआरआर पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कैरम जूनियर वर्ग में देव सिंह रावत ने पहला, शिवांशु ने दूसरा, सृष्टि ने तीसरा, सीनियर बालिका वर्ग में प्रियांशी पहले, महक नैथानी दूसरे, स्नेहा तीसरे स्थान पर रहे।

50 मी. लेमन रेस में आराध्या ने पहला, यशिता नेगी ने दूसरा व ज्योत्सना ने तीसरा, 100 मीटर रेस प्राइमरी बालक वर्ग में लक्षित बिजल्वाण पहले, सार्थक नेगी दूसरे, प्रतीक तीसरे स्थान पर रहे। टीटी ओपन वर्ग बालक में आराध्या बहुगुणा ने पहला, राज रावत ने दूसरा, आयुष आर्य ने तीसरा, बालिका में प्रियंका ने पहला, अंशिका ने दूसरा व खुशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैडमिंटन जूनियर बालिका वर्ग में वैष्णवी पहले, आयुषी मियां दूसरे आरूषि रावत तीसरे, जूनियर बालक में सक्षम ने पहला, शुभम ने दूसरा व आयुष जोशी ने तीसरा स्थान पाया। सीनियर बालक में अक्षित ने पहला, रोहित ने दूसरा व आशीष धनोषी ने तीसरा स्थान पाया। शतरंज सीनियर बालक में आयुष रावत पहले, नैतिक सागर दूसरे, अक्षित नेगी तीसरे, जूनियर बालक में सक्षम पहले, आराध्या दूसरे, प्रियांशु तीसरे, प्री प्राइमरी कुर्सी दौड में अंशिका पहले, अनिरुद्ध दूसरे व श्रेया तीसरे स्थान पर रही।

# नाटक स्वान सांग और ड्राउन्ड मैन के मंचन ने दर्शकों का मन मोहा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र की ओर से दो दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर एमए रंगमंच के छात्रों ने रूसी नाटककार एंटोन चेखोव द्वारा लिखे नाटक ड्राउन्ड मैन व द स्वान सांग का मंचन कर दर्शकों का मनमोहा।

गढ़वाल विवि के मिनि प्रेक्षागृह में हुए नाट्य महोत्सव का शुभारंभ डा. आशुतोष गुप्त व डा. लता पांडे ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रो. डीआर पुरोहित और डा. संजय पाण्डेय के मार्गदर्शन और लोक कला एवं निष्पादन केंद्र के अतिथि शिक्षक गौरव सिंह के निर्देशन में हुए नाटक में एमए रंगमंच के छात्रों ने दोनों नाटकों को प्रदर्शित कर उन्हें आत्म-जागरूकता से निपटने वाली मानवीय चेतना को चित्रित करने के लिए आधुनिक रंगमंच की स्वतंत्रता का सहारा लेकर प्रस्तुत करने की कोशिश की। नाटक स्वान सांग की पृष्ठभूमि एक उम्रदराज अभिनेता के इर्द गिर्द है। जो उसके भूतकाल में उसके द्वारा प्रस्तुत की गई भूमिका के निराशाजनक दृष्टकोण को दर्शाता है।

उसने अपने जीवन के लगभग पैंतालीस वर्ष अपने दर्शकों के मनो रंजन के लिये समर्पित किये पर वह वर्तमान में अर्थहीन भौर निराशा का सामना कर रहा है। नाटक में उम्रदराज अभिनेता थिएटर में अकेला है जहां उसने एक शाम नाटक किया, विदूषक की भूमिका में उजाड़ मंच, अपने अंधेरे और अकेले के साथ उसने अपने जीवन में कला के लिए एक मज़बूत प्रशंसा पैदा की, लेकिन अपने प्यार का पीछा करते-करते वह समाज से अलग हो गया। मंच पर तो उसकी प्रशंसा हुई लेकिन समाज ने उसे अपने घरों में स्वीकार नहीं किया। इन झूठे मानकों से निराश होकर उसनें शराब की ओर रुख किया और अपने स्वास्थ्य व करियर को खतरे में डालते हुए बेवकूफों और जोकरों के रूप में नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया। उसने अपने 68 वें वर्ष में खुद को मुरझाया, अकेला और भयभीत पाया।

उन्होंने ऐसे दर्शकों के लिये अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिकाओं को चित्रित करने में एकांत पाया जो मौजूद नहीं थे। नाटक में ऋषभ बिष्ट, प्राची कंडवाल, शेखर, गौरव सिंह व विकेश बाजपेयी ने सराहनीय अभिनय किया। (एजेंसी)

## निराशाजनक रहा पौड़ी पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल

**पौड़ी** : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने नगर पालिकाध्यक्ष के पांच साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। समिति ने डीएम को ज्ञापन देकर शहर की समस्याएं जल्द हल करने की मांग की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि अब नगर पालिका प्रशासकों के पास है तो समिति को विश्वास है कि जिला प्रशासन शहर की समस्याओं को हल करने का काम करेगा। सोमवार को समिति ने डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि बीते पांच सालों में पालिकाध्यक्ष को शहर की समस्याएं हल करने के लिए कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन इस दौरान समस्याओं का हल नहीं हो पाया। उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर शहर की यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए बंद पड़ी डमरु हाल व एजेंसी चौक की पार्किंग का संचालन करने, व्यापारियों के हित को देखते हुए पूर्व की भांति शहर से टैक्सियों का संचालन करने, बस स्टेशन के पास पार्किंग में केवल बाहर से आने वाले पर्यटकों के वाहन पार्क करने, पौड़ी से देहरादून व उसी दिन देहरादून से पौड़ी के लिए लगाई गई परिवहन निगम की बस सेवा शुरू करने, आवारा पशुओं, बंदरों के आतंक से शहर वासियों को निजात दिलाने, विकास मार्ग के रास्ते को ठीक करने, शहर के पुराने जेल में प्रस्तावित राजकीय संग्रहालय निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने, कंडोलिया थीम पार्क का सही ढंग से संचालन करने की मांग की है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सविव गबर सिंह नेगी, अनिता रावत, ठाकुर सिंह नेगी, मकान सिंह आदि शामिल रहे।

# पोलिंग बूथों के किसी परिवर्तन एवं मरम्मत कार्य के संबंध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं : डीएम

### जिलाधिकारी बोले नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का करें पूर्ण प्रयास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपादित करवाने के लिए पोलिंग बूथों पर सभी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के कार्य में लगे सुपरवाइजरों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास भवन सभागार में आवश्यक बैठक आयोजित की।



बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए हैं कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक संपादित करवाने के लिए किसी भी पोलिंग बूथ में कोई संशोधन या परिवर्तन किया जाना है तथा बूथ में बिजली-पानी, शौचालय, रैम्प सहित सभी अनिवार्य सुविधाएं के संबंध में पूर्ण जानकारी सहित सूची तैयार कर उप जिला निर्वाचन/अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश हैं कि जनपद के सभी इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेजों में 01 जनवरी 2024 को 18 से 19 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए प्रारूप 06 भरवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम संशोधन, परिवर्तन करवाने आदि कार्य को भी संवेदनशीलता के साथ फार्म भरवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को भी निर्देश दिए हैं कि जिन विद्यालय एवं पंचायत भवनों में मतदान केंद्र बनाया जा रहा है, उनकी वर्तमान स्थिति के संबंध में जांच कर लें। जिन मतदान केद्रों पर मरम्मत या अन्य कार्य किए जाने हैं उसके संबंध में स्पष्ट आख्या चार दिन के भीतर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्यवायी की जा सके।

## नरेंद्रनगर ब्लाक में खेल महाकुंभ आज से

नई टिहरी : ब्लॉक नरेंद्रनगर की खेल महाकुंभ प्रतियोगिताएं आगामी 5 से 7 दिसंबर तक जीआईसी नरेंद्रनगर के खेल मैदान में आयोजित होंगी। यह जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण और प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि नरेंद्रनगर में आगामी 5 दिसंबर को अंडर 14 आयुवर्ग के लिए बालक–बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जबकि 6 दिसंबर को अंडर 17 आयु वर्ग के लिए बालक-बालिका एथलेटिक्स,कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आगामी 7 दिसंबर को आयुवर्ग 19 के लिए बालक–बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले को 500, उप विजेता को 400 और तीसरा स्थाप पाने वाले को 300 रुपये की नकद राशि पुरस्कार में दी जायेगी। पूर्व में सभी न्याय पंचायतों में आयोजित अंडर 14 व अंडर 17 आयुवर्ग के प्रतिभागियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित अभ्यर्थी जन्म व अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग करवायें। (एजेंसी)

## परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की उठाई मांग



जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव करने की मांग की है।सदस्यों ने इस संबंध में प्राचार्य जानकी पंवार को ज्ञापन दिया। बताया कि सात सितंबर को बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई थी। लेकिन, अब चौथे माह में 15 दिसंबर से तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं करने की तैयारी की जा रही है। कहा कि इससे विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए पर्याप्त समय भी नहीं मिल रहा है। ज्ञापन देने वालों में अनिकेत, दीक्षा ठाकुर, स्वाति गैरोला, दीपक जोशी, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## परिसंपत्तियों को किराए पर दिए जाने की तैयारियां शुरू

### जनता के लिए उपयोगी विभागीय परिसंपत्तियों को चिन्हित कर दर अनुमोदन हेतु मांगे प्रस्ताव

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद चमोली में सरकारी विभागों की परिसंपत्तियों को आम जनता के उपयोग के लिए किराए पर दिए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। विभागीय परिसंपत्तियों का चिन्हीकरण एवं उनकी दर निर्धारण के संबंध में सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिसमें विभागों को परिसंपत्तियों के दर निर्धारण के संबंध में शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने कहा कि विभाग की ऐसी परिसंपत्तियां जिनको आम जनता के उपयोग हेतु किराए पर दिया जा सकता है, उनकों सूचीबद्ध किया जाए और उनकी दरें अनुमोदन हेतु शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध करें। उन्होंने कहा कि इससे विभाग की परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग के साथ राजस्व भी प्राप्त होगा और जो आय प्राप्त होगी, उससे विभाग अपनी परिसंपत्तियों की मरम्मत आदि में खर्च कर सकते है। जिससे विभाग को ही फायदा मिलेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अगली बैठक में विभागीय परिसंपत्तियों के दर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे विभाग जिन्होंने अभी तक अपनी संपत्तियों के संबंध में रिपोर्ट नहीं दी है, उनको कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। साथ ही हिदायत दी की इस संबंध में जल्द रिपोर्ट उपलब्ध न कराए जाने पर सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## छह घंटे के रेस्क्यू के बाद चालक को सकुशल बचाया



नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर पाली पुलिया के निकट एक ट्राला अनियंत्रित होकर अलकनंदा की ओर पलट गया। जिसमें चालक का आधा शरीर केबिन के नीचे दब गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने छह घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद टीम ने ट्राला के नीचे दबे चालक को सकुशल बाहर निकाला। घायल चालक को उपचार के लिए बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती कराया गया है। बीती रविवार शाम करीब सवा चार बजे गौचर से ऋषिकेश जा रहा एक ट्राला देवप्रयाग से 7 किमी आगे पाली पुलिया के पास अनियंत्रित होकर अलकनंदा की ओर खाई में पलट गया। जिसमें चालक दीपचंद पुत्र सुग्रीव निवासी सुंदरपुर खालसा, जहांगीरगंज जिला अंबेडकर नगर उप्र ट्राला के नीचे फंस गया। सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष अनिरुद्ध मैठाणी पुलिस व एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रेलवे की निर्माण कंपनी एलएनटी कंपनी से पहुंची हाइड्रा मशीन व क्रेन भी चालक को नहीं निकाल पायी। जिस पर पुलिस, एसडीआरएफ व स्थानीय ग्रामीणों ने मिट्टी खोदकर चालक का आधा शरीर बाहर निकाला।

## कालीमठ में 12 वर्षो बाद हो रहा पांडव नृत्य का आयोजन

रुद्रप्रयाग : कालीमठ में 12 वर्षो बाद अस्त्र–शस्त्रों की पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रों के साथ पांडव नृत्य शुरू हो गया। वाध्य यंत्रों के साथ पांडव पश्वा नृत्य कर रहे हैं जिसको देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। 22 दिसम्बर को पैंयाडाली कौथिग एवं दुर्योधन बध के साथ पांडव नृत्य का समापन किया जाएगा। महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण कालीमठ में करीब बीस दिनों तक चलने वाले पांडव नृत्य में प्रतिदिन लोग मंचन को देखने पहुंच रहे हैं। लंबे समय बाद हो रहे पांडव नृत्य को लेकर प्रवासी एवं धियाणियां भी अपने मायके आने लगी हैं। पांडव नृत्य समिति के अध्यक्ष शिव सिंह राणा ने बताया कि कालीमठ में 12 वर्षो बाद पांडवनृत्य का आयोजन शुरू हो गया है।

जिसको लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। बताया कि 11 दिसम्बर पांडव अस्त्र शस्त्रों के साथ विधिवत नृत्य करेगे। 12 से 15 दिसम्बर तक नगर भ्रमण, 16 दिसम्बर को गंगा पूजन एवं स्नान, 17 दिसम्बर से नृत्य एवं लीला, 20 दिसम्बर को गैंडा कौथिग, 21 दिसम्बर पांडवों की केदारनाथ यात्रा, 22 दिसम्बर को दर्योधन बध, हाथी कौथिग एवं पैंया डाली कौथिग के साथ पांडव नृत्य का समापन किया जाएगा। कालीमठ के साथ कोटमा, व्यूंखी, कुणजेठी, गुप्तकाशी, ऊखीमठ, देवर, सांकरी समेत कई स्थानों साथ ही कालीमठ मंदिर पहुंच रहे भक्त भी पांडव नृत्य में पहुंचकर पुण्य अर्जित कर रहे है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस क्षेत्रों के लिए ईवीएम रथो को किया रवाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर गोपेश्वर से जनपद चमोली में मतदाता जागरूकता और ईवीएम प्रशिक्षण के लिए तीन ईवीएम रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ईवीएम रथ जनपद के विधानसभा क्षेत्र बदरीनाथ, थराली और कर्णप्रयाग के सभी 592 मतदेय स्थल, तहसील मुख्यालयों, शिक्षण संस्थानों और पंचायत भवनों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेंगे। शिविर में प्रशिक्षक ग्रामीणों को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन की



जानकारी देने के साथ ही मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए भी जागरूक करेंगे। जनपद मुख्यालय से ईवीएम रथ रवाना करने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप के नोडल अधिकारी अभिनव शाह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज सती, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, स्वीप के सह समन्वयक डा. दर्शन सिंह नेगी आदि मौजूद थे।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बीमा पॉलिसी संख्या 271366295 में मेरा नाम भूलवश संतोषी नेगी अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सोनी नेगी है। अतः मुझे अब सोनी नेगी के नाम से जाना जाय, पढ़ा जाय व लिखा जाय।

**सोनी नेगी पत्नी अनिल कुमार नेगी निवासी नया गांव बलभद्रपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


## सम्पादकीय

# कांग्रेस पर भारी अकेले मोदी

बात हो यदि हाल ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ चुनाव की या फिर पूर्व में हुए दूसरे विधानसभा चुनावों की, जिसमें उत्तराखंड का बहुमत भी शामिल है तो एक बात तो यह स्पष्ट हो जाती है कि जीत के नाम पर आज भी भाजपा मोदी के चेहरे पर निर्भर है। इन तीन राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक संदेश स्पष्ट कर दिया है कि मोदी नाम की विश्वसनीयता अभी भी बरकरार है और इस नाम के आगे कांग्रेस या फिर दूसरे किसी दल का कोई भी बड़ा चेहरा या नाम दूर-दूर तक नहीं टिकता। मोदी ने अपनी चुनावी सभा में मोदी की गारंटी को जनता से किए गए वादों को पूरा करने के तौर पर पेश किया था जिस पर जनता ने खुलकर विश्वास किया हालांकि तेलंगाना भाजपा के खाते में नहीं आया। कांग्रेस के हाथ से राजस्थान को छीन निकालना और मध्य प्रदेश में जीत को बरकरार रखना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन न केवल इन दोनों राज्यों में बहुमत से भाजपा सरकार बना रही है बल्कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा अपनी पैठ जमाने में कामयाब रही। स्पष्ट है कि तीनों राज्यों में मोदी के नाम पर एक तरफा वोट पड़ा, खास तौर से मध्य प्रदेश में जहां शिवराज सिंह चौहान को लेकर पार्टी के अंदर ही रस्साकस्सी चल रही थी।वहां भी मोदी और शाह की जोड़ी ने मध्य प्रदेश भाजपा को एकजुट किया। राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने का हुनर मोदी नाम से ही मिला। अब प्रश्न यह खड़ा होता है कांग्रेस के लिए कि मोदी का चेहरा यदि जीत की गारंटी है तो फिर कांग्रेस के लिए आने वाले लोकसभा चुनाव में रणनीति तैयार करने के लिए क्या गणित बिठाया जाएगा? राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बहुमत की जीत से भाजपा संगठन में एक नया आत्मविश्वास देखने को मिलेगा साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव में कई अन्य दलों को अपने पुराने कार्यकर्ताओं कि आज संतुष्टता का भी सामना करना पड़ सकता है। कांग्रेस ने चुनावों से पूर्व जिस प्रकार की हवा बनाने की कोशिश की थी वह कसौटियों पर खड़ी नहीं उतरी और तीन राज्यों ने कांग्रेस को विपक्ष में ला खड़ा किया। जातीय जनगणना एवं ओबीसी के मुद्दे को लेकर भाजपा का विरोध करना भी कांग्रेस को महंगा पड़ा और लोगों ने कांग्रेस के इस मुद्दे को स्वीकार नहीं किया। निश्चित तौर पर कांग्रेस को अब लोकसभा 2024 चुनाव के लिए ऐसे मुद्दे तलाश में होंगे जो जनता की कसौटियों पर खरे उतरें, अन्यथा ऐसा ना हो कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सदन में उपस्थित वर्तमान संख्या की अपेक्षा भी कम हो जाए। राज्यों को खोने के बाद कांग्रेस भले ही गठबंधन के भरोसे बैठी है लेकिन अब यह निश्चित है कि गठबंधन से कांग्रेस का भला होने वाला नहीं है, और उसे किसी न किसी रूप में मोदी का तोड़ तलाशना ही होगा जो कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तो लगभग असंभव सा ही नजर आ रहा है।

# कोविड-19 से कितना अलग है चीन का रहस्यमय बाल निमोनिया?

**रंजीत कुमार**




करीब चार साल बाद एक बार फिर चीन की किसी बीमारी को लेकर दुनियाभर की स्वास्थ्य मशीनरी चिंतित है। चीन में बड़े पैमाने पर बच्चे सांस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। विश्व मीडिया में इसे रहस्यमय बाल निमोनिया कहा जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुरोध पर चीन ने जो आधिकारिक रिपोर्ट दी है उसके मुताबिक यह कोई अज्ञात बीमारी नहीं है और इसके पीछे किसी नए रोगाणु (पैथोजेन) होने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

इसी रिपोर्ट को तात्कालिक सच मानते हुए डब्लूएचओ ने वैश्विक स्वास्थ्य एडवायजरी जारी की है। इस एडवायजरी में लोगों को सामान्य सावधानी बरतने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि चीने से होने वाली आवाजाही को रोकने की आवश्यकता नहीं है। डब्लूएचओ की एडवायजरी के शब्द हैं, इस घटना को लेकर अब तक जो जानकारी उपलब्ध है, उसके आधार पर डब्लूएचओ किसी प्रकार का व्यापार और यात्रा प्रतिबंध लागू करने के विरुद्ध है।

सवाल है कि क्या सच में यह ठंढ के मौसम में होने वाली सामान्य सर्दी-जुकाम की समस्या है? क्या इसके पीछे सर्दी जुकाम के लिए जिम्मेदार सामान्य-परंपरागत बैक्टेरिया, वायरस का संक्रमण ही है? क्या सच में विश्व समाज को इसे कोविड 19 की तरह नहीं लेना चाहिए?

दुनिया भर के संक्रमक रोग विशेषज्ञों में से अधिकतर का कहना है कि चीन के इस बाल निमोनिया को कोविड 19 की तरह नहीं लेना चाहिए। उन्होंने चीन में बड़े पैमाने पर बच्चों के बीमार होने के पीछे की वजह को परिस्थितिजन्य माना है। प्रसिद्ध विज्ञान शोध पत्रिका नेचर ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बीमारी का विश्लेषण कुछ इस तरह किया है, महामारी को रोकने के उपायों- जैसे मास्क लगाना और यात्रा प्रतिबंध आदि में ढील देने के बाद की पहली सर्दी में सांस संबंधित रोगों में वृद्धि होना एक परिचित पैटर्न रहा है। नवंबर 2022 में, अमेरिका में फ्लू से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 2010 के बाद सर्वाधिक देखी गई।

नेचर की रिपोर्ट में आगे लिखा है कि यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन के कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञानी फ्रेंकोइस बैलौक्स के अनुसार, राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन और कोविड-19 के प्रसार को कम करने के लिए किए गए उपायों ने मौसमी रोगाणुओं के प्रसार को रोक दिया, जिससे आबादी को रोगाणुओं के खिलाफ इम्युनिटी विकसित होने का अवसर नहीं मिला। इसे इम्यूनिटी डेब्ट कहते हैं। चूंकि चीन ने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक लंबे समय तक और कहीं अधिक कठोर लॉकडाउन लागू किया था, इसलिए यह अनुमान लगाया गया था कि लॉकडाउन हटाने के बाद चीन में ऐसी बीमारी की लहर आ सकती है। ठीक इसी तरह की विज्ञप्ति चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि उनके देश में बाल निमोनिया की जो बीमारी सामने आई है, उसके पीछे कोविड 19 जैसा कोई अज्ञात वायरस नहीं है। यह फ्लू और अन्य सामान्य ज्ञात बैक्टेरिया, वायरस के संक्रमण से हो रहा है। इसकी दवा उपलब्ध है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन, इन सब बातों के बावजूद दुनिया बेफिक्र नहीं हो सकती है। कोविड 19 की तरह ही इस नई महामारी पर चीन के दावे पर शक करने के कई कारण मौजूद हैं। इस बीमारी को लेकर भी चीन ने कोविड 19 की तरह ही व्यवहार किया है। चीन का कहना है कि अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में इस बीमारी के बड़े पैमाने पर फैलने की बात सामने आई, जबकि कई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मई महीने से ही चीन के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में इस बीमारी का प्रकोप फैल गया था। ठीक इसी तरह का व्यवहार चीन ने कोविड 19 मामले में भी किया था,जब उसने कई महीने तक बीमारी को दुनिया से छिपाए रखा। गौरतलब है कि प्रोमेड नामक संस्था ने 2019 में काफी पहले शंका जाहिर की थी कि चीन के वूहान प्रांत में कोई अज्ञात महामारी फैली हुई हुई है। इस बार भी प्रोमेड ने इस रहस्यमय निमोनिया को लेकर जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, वह चीन के दावे और डब्लूएचओ एवं अन्य विशेषज्ञों की राय से अलग है। प्रोमेड के अनुसार, बहुत बड़ी संख्या में बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें खांसी नहीं होती है और उनमें कोई लक्षण (सर्दी के) नहीं होते हैं। उन्हें बस उच्च बुखार होता है और कई बीमार बच्चों के फेफड़े में गांठ विकसित हो रहे हैं। चीन के कई क्षेत्रों से इस अज्ञात श्वसन बीमारी के व्यापक प्रकोप की बात सामने आ रही है। बीजिंग और लियाओनिंग लगभग 800 किमी दूर हैं, लेकिन दोनों जगह बीमारी का प्रकोप है। यह बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं है कि इस बीमारी का प्रकोप कब शुरू हुआ। इतनी संख्या में बच्चे जल्द इसकी चपेट में आ जाएंगे, यह कहना असामान्य बात होगी।

इन दोनों पहलू के अलावा एक तीसरे पहलू की भी चर्चा हो रही है। इसमें कहा जा रहा है कि यह निमोनिया का एक सामूहिक प्रकोप है जिसके लिए परंपरागत निमोनिया बैक्टेरिया समेत, इनफ्लुएंजा, एडिनोवायरस, आरएसवी जैसे वायरस भी जिम्मेदार है। शायद इस कारण यह बीमारी तेजी से फैल रही है और इसकी चपेट में बड़ी संख्या में बच्चे आ रहे हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि फिलहाल दुनिया को स्पष्ट रूप से इस बात की जानकारी नहीं है कि यह कोई नई महामारी है या सामान्य जुकाम की कोई लहर है। डब्लूएचओ ने विश्व बिरादरी को आश्वस्त किया है कि वह लगातार इसकी निगरानी कर रहा है और चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। आगे भी वह इसे लेकर दुनिया को अपडेट करता रहेगा। बहरहाल, भारत सरकार भी चीन के इस नए संकट को लेकर सजग है। केंद्र सरकार ने रविवार को सभी राज्यों के लिए एक स्वास्थ्य एडवायजरी जारी की है। इसमें सभी राज्यों को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि उसने अत्यधिक सावधानी बरतते हुए सांस संबंधी बीमारियों के खिलाफ प्रारंभिक उपायों की सक्रिय रूप से समीक्षा करने का फैसला लिया है।

# विधानसभा का पता नहीं लेकिन सीटें बढ़ेंगी

केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में एक विधेयक पेश करने वाली है, जिसमें जम्मू कश्मीर की विधानसभा में प्रवासी कश्मीरियों, पाक कब्जे वाले कश्मीर से आए शरणार्थियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। इस बिल के जरिए राज्य में विधानसभा की सीटों की संख्या 107 से बढ़ा कर 114 किया जाएगा। ध्यान रहे जम्मू कश्मीर विधानसभा में पहले 87 सीटें थीं। इनमें से चार सीटें लद्दाख की थीं, जो अलग हो गईं। परिसीमन के बाद बची हुई 83 सीटों को बढ़ा कर 107 कर दिया गया है। अब इसमें सात सीटें और जोड़ी जा रही हैं, जिसमें कुछ मनोनयन वाली सीटें होंगी। इस विधेयक को चार दिसंबर से शुरू होने जा रहे शीतकालीन सत्र के लिए सूचीबद्ध किया गया है।




सवाल है कि क्या इससे यह माना जाए कि जम्मू कश्मीर में बहुत जल्दी विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं? अगर चुनाव नहीं होते हैं तो इस बिल का क्या मतलब है? ध्यान रहे राज्य में 2018 से ही विधानसभा भंग है। जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा भले अगस्त 2019 में खत्म किया गया लेकिन उससे पहले नवंबर 2018 में ही विधानसभा भंग कर दी गई थी। उस समय राष्ट्रपति शासन लागू था और कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी ने मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव तब के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को भेजा था। लेकिन बताया गया कि राजभवन की फैक्स मशीन खराब हो गई थी इसलिए उनको प्रस्ताव नहीं मिला और उन्होंने विधानसभा भंग करने की सिफारिश राष्ट्रपति को भेज दी। बहरहाल, तब से राज्य में विधानसभा भंग है। इस बीच परिसीमन, आरक्षण, मनोनयन सब हो रहा है, सरकार के हिसाब से विकास भी खूब हो रहा है और शांति भी बहाल हो गई है, सिर्फ विधानसभा का चुनाव नहीं हो रहा है।

## इराक में अमेरिकी हवाई हमले में अर्धसैनिक बलों के 5 सदस्य मारे गए

**बगदाद ,एजेंसी।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में अमेरिकी हवाई हमले में इराकी अर्धसैनिक बल हशद शाबी बलों के पांच सदस्य मारे गए। यह जानकारी इराक में इस्लामी प्रतिरोध नामक एक इराकी सशस्त्र समूह ने दी।बयान में ज्यादा विवरण नहीं दिया गया है लेकिन समूह ने अमेरिकी बलों को देश से वापस जाने तक ज्यादा घातक हमलों की धमकी दी है। इराकी सेना के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में स्थित प्रांतीय राजधानी किरकुक के उत्तर-पश्चिम में अल-देबिस इलाके में हशद शाबी बलों से संबद्ध अल-नुजाबा मूवमेंट के ठिकानों पर बीती शाम ड्रोन से बमबारी की गई।

गत 22 नवंबर को, अमेरिकी विमानों ने बगदाद के दक्षिण में जुर्फ अल-नस्र क्षेत्र में हशद शाबी बलों पर हमला किया था, जिसमें इस संगठन के आठ लड़ाके मारे गए थे और चार अन्य घायल हुए थे। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने पुष्टि किया कि ऐसा माना जा रहा है कि समूह के रॉकेट सीरिया के पूर्वोत्तर प्रांत अल-हसाका के खरब अल-जिर इलाके में एक अमेरिकी एयरबेस पर गिरे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि अभी तक हताहतों की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि ये हमले गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी बलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की श्रृंखला का एक हिस्सा हैं।यह 19 अक्टूबर के बाद से सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर रिकॉर्ड किया गया 47वां हमला है।

## गाजा में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 15,523 हुई

गाजा ,एजेंसी। गाजा पट्टी में गत 07 अक्टूबर से जारी इजरायली हमलों में मारे गये फिलिस्तीनियों की संख्या 15,523 हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता के बीच फिलिस्तीनी एन्क्लेव में घायल लोगों की संख्या 41,000 से ज्यादा हो चुकी है। सैकड़ों घायल लोगों का इलाज बहुत सीमित चिकित्सा संसाधनों के साथ किया जा रहा है, क्योंकि उत्तरी गाजा के अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है।

उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी के सभी अस्पतालों में मरीजों की संख्या उनकी चिकित्सा और बिस्तर क्षमताओं से ज्यादा है, गंभीर मामलों को संभालने के लिए आवश्यक सर्जिकल संसाधनों की कमी है। घायलों को विदेश में इलाज कराने की अनुमति देने के लिए धीमी गति की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से केवल 403 लोगों को गाजा पट्टी छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है।

# भगवंत मान से मिले मुकेश अग्निहोत्री, मुलाकात के दौरान दोनों राज्यों से जुड़ी समस्याओं पर हुई चर्चा

**ऊना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को जालंधर में एक कार्यक्रम के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ मुलाकात की।इस मुलाकात में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान के साथ दोनों प्रदेशों से जुड़े महत्त्वपूर्ण मसलों पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा पर हुई है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस पर आने वाले समय में सार्थक काम होगा, जिससे दोनों प्रदेशों को लाभ होगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब व हिमाचल धार्मिक व पर्यटन की



दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। पंजाब के लाखों श्रद्धालु हिमाचल में पर्यटन व धार्मिक आस्था से आते हैं, उनको हम बेहतर से बेहतर यातायात की सुविधा दें इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

हिमाचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंजाब के अनेक धार्मिक ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर जाते हैं, ऐसे में हिमाचल के श्रद्धालुओं को भी यातायात की सुविधा का लाभ मिलेगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब से नशा तस्कर बड़ी संख्या में आते हैं। हिमाचल की सीमाएं पंजाब के साथ लगती हैं और पंजाब भी नशे की समस्या से जूझ रहा है, ऐसे में दोनों प्रदेशों को नशे के विरुद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही करनी होगी। हमने हिमाचल की चिंताओं के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान को अवगत करवाया है। उन्होंने भी इस चिंता को बाजिब मानते हुए इस समस्या के हल के लिए सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी के फटने से 11 पर्वतारोहियों की मौत

जकार्ता ,एजेंसी। सुमात्रा द्वीप पर स्थित इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी माउंट मेरापी के फटने से 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई और कुछ अन्य लापता हैं। एक बचाव अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। खोज और बचाव के प्रमुख एजेंसी अब्दुल मलिक ने बताया कि बचाव के दौरान पहले चरण में, 49 पर्वतारोही पाए गए। वे सभी बच गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, और कुछ घर लौट आए। दूसरे चरण में, हमें 14 लोग मिले, तीन बच गए और 11 अन्य की मौत हो गई।विस्फोट के बीच पर्वतारोही पहाड़ की तलहटी की ओर जा रहे थे। अधिकारियों ने 75 पर्वतारोहियों की खोज के लिए लगभग 100 लोगों को तैनात किया है। माउंट मेरापी, जो समुद्र तल से 2,891 मीटर की ऊंचाई पर है, रविवार को फट गया।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने बढ़ाई ठंड, आज कई राज्यों में होगी बरसेंगे बदरा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में रविवार देर शाम हुई हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई. हालांकि, वायु की गुणवत्ता में सुधार जरूर आया. इसी बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में आज (सोमवार) को बारिश का अलर्ट जारी किया है. बंगाल की खाड़ी से उठे मिचौंग चक्रवाती तूफान के असर से आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में पहले से ही बारिश हो रही है. बारिश के चलते तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के कई इलाकों में पानी भर गया है और कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए हैं.

इस के साथ आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान मिचौंग के असर से दक्षिणी ओडिशा के अधिकत हिस्सों में और राज्य के तटवर्तीय इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है. इसी को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार और मंगलवार के लिए ओडिशा के मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और गंजाम में भारी बारिश की चेतावनी और येलो अलर्ट जारी किया है.इसके अलावा मौसम विभाग ने तमिलनाडु के उत्तरी तट और तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम भारी बारिश की संभावना जताई है. इसके अलावा एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. इसके अलावा दक्षिणी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी आज हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है. वहीं राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग के मुताबिक, मिचौंग तूफान के असर से देश के कई और राज्यों में भी हल्की बारिश हो सकती है.मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के अलावा आंतरिक तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है.

# समुद्र के रास्ते ईरान की गतिविधियों पर नजर रखेगा इजरायल, लाल सागर में तैनात करेगा युद्धपोत

यरूशलेम, एजेंसी। इजराइल ने क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लाल सागर में कई युद्धपोत और एक पनडुब्बी तैनात करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने अल-हदथ प्रसारक के हवाले से सोमवार को दी। इससे पहले रविवार को अल-हदथ प्रसारक ने सूत्रों के हवाले से कहा था कि यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन, हूती ने कहा कि वे गाजा पट्टी में एक सप्ताह के संघर्ष विराम की समाप्ति के बाद इजरायल पर हमला फिर से शुरू करेंगे।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार प्राधिकरण ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में बाब अल-मन्देब जलडमरूमध्य में दो



इजरायली जहाजों और ब्रिटेन के स्वामित्व वाले एक व्यापारिक जहाज पर हमला किया। हालांकि, रॉयटर्स ने इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागरी के हवाले से कहा कि हूती विद्रोहियों द्वारा पहले हमला किए गए दो जहाज इजरायल से संबंधित नहीं थे। बाद में, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तीन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग किया। कमांड ने कहा कि अमेरिकी विध्वंसक यूएसएस कार्नी ने हमलावर जहाजों को जवाब दिया और तीन ड्रोन को मार गिराया। साथ ही कहा कि अमेरिका को लगता है कि यह हमला ईरान ने किया था।

# मुख्यमंत्री के नाम का फैसला, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में फैसला

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सोमवार को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक हुई, जिसमें एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कर प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के नाम पर निर्णय लेने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत कर दिया गया। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी. के. शिवकुमार ने संवाददाताओं को बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों ने एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कर विधायक दल के नेता के नाम पर फैसला लेने के लिये श्री खरगे को अधिकृत किया।

उन्होंने बताया कि बैठक में पार्टी को विजयी बनाने को लेकर तेलंगाना के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और इसके बाद प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी)



अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी की ओर से सर्वसम्मति एक पंक्ति का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सीएलपी सदस्य बट्टी विक्रमार्क, उत्तम, दामोधर राजा नरसिम्हा तथा कोमटिरेड्डी ने समर्थन किया।

इस महत्वपूर्ण बैठक से पहले पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की और उनकी राय जानी।

## बसपा सांसद दानिश अली के प्लेकार्ड पहन कर आने पर भड़के स्पीकर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बसपा सांसद दानिश अली के प्लेकार्ड पहन कर आने पर भड़के लोक सभा स्पीकर ओम बिरला ने बसपा सांसद को तुरंत सदन से निकल जाने को कहा, लेकिन दानिश अली लगातार खड़े होकर लोक तंत्र को बचाने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते रहे।


नए संसद भवन में प्लेकार्ड बिल्कुल नहीं आने की बात कहते हुए बिरला ने दानिश अली के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए सदन की कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सत्र के पहले दिन, सोमवार को दानिश अली द्वारा प्लेकार्ड पहन कर सदन में आने को नियमों के खिलाफ बताते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसे निकालने की मांग की।

# भारत 2023 में डेंगू से सबसे अधिक मौतों वाले देशों में शामिल : रिपोर्ट

नई दिल्ली ,भारत इस साल सबसे अधिक डेंगू के मामलों और मौतों वाले शीर्ष 20 देशों में शामिल है। पिछले पांच वर्षों की तुलना में 2023 में अधिक मामले दर्ज किये गये हैं।इस साल नवंबर 2023 तक सबसे अधिक प्रभावित 20 देशों में डेंगू बुखार के 50 लाख मामले दर्ज किए गए जो 2022 की तुलना में 30 प्रतिशत और 2019 के आंकड़ों से 18 फीसदी अधिक है। इसमें यह भी पाया गया कि भारत सहित 20 देशों में डेंगू से कम से कम पाँच हजार 500 लोग मारे गए जो 2022 से 32 प्रतिशत अधिक और 2019 की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।रिपोर्ट में कहा गया है कि मौतों और मामलों की वास्तविक संख्या कहीं अधिक होने की संभावना है क्योंकि कई मामले रिपोर्ट नहीं किए गए हैं। बांग्लादेश ने, जिसमें वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक मौतें हुई थीं, 2023 में अब तक के सबसे खराब डेंगू बुखार के प्रकोप का सामना किया। जनवरी से तीन लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए, जो 2022 में बीमारी से पीड़ित 62 हजार लोगों की तुलना में एक बड़ी छलांग है। इस प्रकोप के परिणामस्वरूप एक हजार 598 मौतें हुईं जो 2022 के मुकाबले पाँच गुना से अधिक हैं। इनमें 160 से अधिक बच्चे शामिल थे जिनमें से अधिकतर 10 वर्ष से कम उम्र के थे।सेव द चिल्ड्रेन के एशिया के वरिष्ठ स्वास्थ्य और पोषण सलाहकार यासिर अराफात ने एक बयान में कहा, पूरे एशिया में, चरम मौसम की घटनाओं ने 2023 को डेंगू से होने वाली मौतों के लिए एक विनाशकारी वर्ष बनाने में योगदान दिया है, जिससे बच्चों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# चक्रवात मिचौंग की वजह से चेन्नई में बाढ़ जैसे हालात, 2 की मौत, कई उड़ानें रद्द

चेन्नई,बंगाल की खाड़ी से पूर्वी तट की ओर बढ़ते चक्रवात मिचौंग की वजह से तमिलनाडु के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है।रिपोर्ट के मुताबिक, चेन्नई, चेंगलपट्ट, कांचीपुरम, नागापट्टिनम, तिरुवल्लूर और कुड्डालोर जिलों सहित उत्तरी तटीय तमिलनाडु में भारी बारिश हुई है।चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में रातभर भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। चेन्नई में नवनिर्मित दीवार गिराने से 2 लोगों की मौत हुई है, वहीं एक घायल हुआ है।सोमवार सुबह 5:30 बजे तक पिछले 24 घंटों में मीनांबक्कम में 196 मिमी और नुंगमबक्कम में 154.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश से चेन्नई हवाई अड्डे के हवाई पट्टी पर पानी भर गया। इसके कारण लगभग 18 उड़ानों को रद्द करना पड़ा



है। चेन्नई और आसपास के 3 जिलों में स्कूल-कॉलेज और सरकारी कार्यालय सोमवार को बंद रहेंगे।चेन्नई स्टेशन से जाने वाली कम से कम 6 ट्रेनें भी रद्द की गई हैं।

मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए तमिलनाडु में सोमवार को चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लूर में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर दी गई।मुख्य सचिव शिव दास मीना ने बताया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को आश्रय शिविरों में पहुंचाया जा रहा है और तटीय क्षेत्र में रहने वालों को भी सतर्क रहने और राहत केंद्रों या अन्य सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।चक्रवात को लेकर अलर्ट के बाद केंद्र और राज्यों सरकारों ने मिलकर अपनी तैयारियां तेज कर दी है।तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 21 टीम तैनात की गई हैं और 8 टीमों को रिजर्व पर रखा गया है।इस बीच रविवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की एक बैठक हुई। इसमें चक्रवात के मद्देनजर राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों समेत संबंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

# आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में ये पांच खिलाड़ी होंगे मालामाल, लिस्ट में एक भारतीय नाम भी शामिल




नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के लिए बाजार सज चुका है। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होनी है। इस बार ऑक्शन टेबल पर कई बड़े प्लेयर्स ने अपना नाम भेजा है, जिनको पाने के लिए टीमों के बीच जबरदस्त घमासान देखने को मिल सकता है। आइए आपको ऐसे ही पांच खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं, जो मिनी ऑक्शन में फ्रेंचाइजियों की जमकर जेब ढीली करा सकते हैं।

1. ट्रेविस हेड

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने पहली बार आईपीएल ऑक्शन के लिए अपना नाम भेजा है। हेड इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वर्ल्ड कप 2023 में कंगारू बैटर का बल्ला जमकर बोला था। वहीं, भारत के खिलाफ खेली गई टी–20 सीरीज में भी हेड ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी की झलक दिखाई थी। यही वजह है कि हेड को पाने के लिए ऑक्शन टेबल पर टीमों के बीच जोरदार घमासान देखने को मिल सकता है।

2. रचिन रविंद्र

न्यूजीलैंड के युवा ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने वर्ल्ड कप 2023 में दमदार प्रदर्शन करके खूब नाम कमाया है। रचिन के लिए मिनी ऑक्शन में कई टीमें पानी की तरह पैसा बहा सकती हैं। टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के साथ–साथ कीवी खिलाड़ी स्पिन गेंदबाजी से भी बड़े से बड़े बल्लेबाज को चकमा दे सकता है।

3. मिचेल स्टार्क

मिचेल स्टार्क ने इस बार अपना नाम ऑक्शन टेबल पर भेजा है। स्टार्क के पास जबरदस्त रफ्तार मौजूद है और वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने की कला भी बखूबी जानते हैं। यही वजह है कि स्टार्क को टीम में शामिल करने के लिए कई बड़ी टीमों के बीच जोरदार लड़ाई देखने को मिल सकती है

4. गेराल्ड कोएत्जी

साउथ अफ्रीका के युवा गेंदबाज कोएत्जी अपनी रफ्तार के दम पर वर्ल्ड कप 2023 में सुर्खियों में रहे। कोएत्जी ने साउथ अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक विकेट भी अपने नाम किए। स्पीड के साथ–साथ कोएत्जी अच्छी लाइन एंड लेंथ से बॉलिंग भी करते हुए दिखाई दिए थे। यही वजह है कि इस गेंदबाज को टीम में शामिल करने के लिए कई टीमें बेकरार होंगी।

5.शाहरुख खान

भारत के युवा बल्लेबाज शाहरुख खान भी ऑक्शन टेबल पर खलबली मचा सकते हैं।

शाहरुख का प्रदर्शन आईपीएल 2023 में धांसू रहा था और उन्होंने 165 के स्ट्राइक रेट से रन बटोरे थे। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि तमिलनाडु प्रीमियर लीग में शाहरुख ने बल्ले के साथ–साथ गेंद से भी कमाल दिखाया था।

## इन पांच खिलाड़ियों की फूटेगी किस्मत! आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में नहीं मिलेगा कोई खरीदार




नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होना है। इस बार ऑक्शन टेबल पर कई बड़े नाम शामिल होने वाले हैं, जिनके नाम पर बड़ी बोली लगने की उम्मीद की जा रही है। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, रचिन रविंद्र जैसे दमदार प्लेयर्स आईपीएल ऑक्शन का हिस्सा रहने वाले हैं। हालांकि, कुछ नाम ऐसे भी हैं जिनके लिए कोई भी टीम बोली लगाने से बचती हुई नजर आ सकती है। आइए ऐसे ही पांच खिलाड़ियों के नाम आपको बताते हैं।

1. मनीष पांडे

आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में मनीष पांडे उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन पर कोई भी टीम दांव लगाने से बचती हुई नजर आ सकती है। पिछले सीजन मनीष के अनुभव को देखते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने इस बल्लेबाज को अपने साथ जोड़ा था, लेकिन मनीष का प्रदर्शन टूर्नामेंट में बेहद निराशाजनक रहा था। मनीष 10 मैचों में महज 160 रन ही बना सके थे।

2. क्रिस जोर्डन

क्रिस जोर्डन को मुंबई इंडियंस ने जोफ्रा आर्चर की इंजरी के बाद टीम से जोड़ा था। हालांकि, जोर्डन का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था और वह छह मैचों में सिर्फ 3 विकेट ही निकाल सके थे, जबकि उनका इकॉनमी 10.77 का रहा था। आईपीएल में इंग्लैंड का यह फास्ट बॉलर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सका है और इसी वजह से कोई भी टीम उन पर दांव लगाने से बचती हुई नजर आ सकती है।

3. केदार जाधव

केदार जाधव का नाम भी उन खिलाड़ियों में शामिल है, जिन पर कोई भी टीम पैसा लगाने से बचती हुई नजर आ सकती है। केदार को पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने टूर्नामेंट के दूसरे हाफ के लिए टीम से जोड़ा था। केदार को दो मैचों में बल्ले से रंग जमाने का मौका मिला था, लेकिन वह कुल मिलाकर सिर्फ 12 रन ही बना सके थे। भारतीय टीम से भी केदार लंबे समय से बाहर चल रहे हैं।

4. स्टीव स्मिथ

आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में स्टीव स्मिथ पर भी कोई भी टीम दांव खेलने से बचती हुई नजर आ सकती है। स्मिथ की हालिया फॉर्म भी कुछ खास नहीं है। इसके साथ ही कंगारू बैटर को यह फॉर्मेट भी रास नहीं आता है। स्मिथ को पिछले सीजन भी कोई खरीदार नहीं मिल सका था।

5. सीन एबॉट

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज सीन एबॉट पर भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में अनसोल्ड रह सकते हैं। एबॉट वर्ल्ड कप जीतने वाली कंगारू टीम का हिस्सा रहे थे, लेकिन उनका प्रदर्शन टी–20 और आईपीएल में कुछ खास नहीं रहा है।

## टीम में आसानी से नहीं मिलेगी शुभमन गिल को जगह



नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप का खुमार अभी ठीक तरह से उतरा भी नहीं है कि टी–20 विश्व कप की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका की धरती पर फटाफट क्रिकेट का घमासान होना है। भारतीय सेलेक्टर्स के लिए विश्व कप की टीम चुनना भी बड़ा सिरदर्द होने वाला है।

अनुभवी खिलाड़ियों के साथ–साथ कई युवा प्लेयर्स ने इस फॉर्मेट में अपनी दावेदारी पेश कर दी है। इस बीच, भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का कहना है कि टी–20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना शुभमन गिल के लिए भी आसान नहीं होगा।

**गिल को मिलेगी युवा बल्लेबाज से कड़ी टक्कर**

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, "रुतुराज गायकवाड़ ने बताया है कि वह भी रेस में हैं। रुतुराज को काफी कड़ी टक्कर मिलेगी, क्योंकि शुभमन गिल भी उन्हीं की तरह खेलते हैं। रोहित शर्मा भी टीम में आएंगे। ऐसे में आपको महसूस होगा कि आप इन तीनों में से किसी दो को चुन नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि यह रन काफी महत्वपूर्ण हैं।"

आकाश ने आगे कहा, "आप लगातार रन बनाते रहिए ताकि जब वर्ल्ड कप आए तो आप स्क्वॉड का हिस्सा रहें। अगर रुतुराज के नजरिए से बात करें तो उनको स्क्वॉड का हिस्सा रहना होगा। मुझे लगता है कि रुतुराज और शुभमन गिल के बीच कड़ी टक्कर होगी। आप इन दोनों में से किसी एक को ही टीम में रख सकते हैं, क्योंकि दोनों टी–20 में एक तरह की ही क्रिकेट खेलते हैं।"

**यादगार रही रुतुराज के लिए टी–20 सीरीज**

रुतुराज का बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी–20 सीरीज में जमकर बोला। रुतुराज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 मैचों में 55.75 की औसत और 159 के बेमिसाल स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 223 रन कूटे। रुतुराज ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक भी जमाया। रुतुराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बाइलेटरल टी–20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान



नई दिल्ली। भारत के खिलाफ सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टी–20, वनडे और टेस्ट टीम का एलान हो गया है। कप्तान टेम्बा बावुमा और फास्ट बॉलर कगिसो रबाडा तो वनडे और टी–20 से आराम मिला है, जबकि दोनों ही टेस्ट सीरीज खेलते हुए नजर आएंगे। बता दें कि 10 दिसंबर से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होगा। दोनों ही टीमों के बीच आखिरी सीरीज टेस्ट सीरीज रहेगी, जिसका समापन 7 जनवरी 2024 को होगा।

दरअसल, क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर इस स्क्वॉड का एलान करते हुए बताया कि टेम्बा बावुमा को व्हाइट बॉल क्रिकेट से आराम दिया गया है, ताकि वह टेस्ट में शानदार वापसी कर सके।

वहीं, एडन मार्करम को भारत के खिलाफ टी–20 और वनडे दोनों के लिए ही टीम की कमान सौंपी गई हैं। बता दें कि मार्को जॉनसन, लुंगी एनगिडी और गेराल्ड कोएत्जी पहले दो टी–20 मैचों के लिए चुना गया है। हालांकि, ये दोनों ही प्लेयर आखिरी मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और सीधा टेस्ट में वापसी करेंगे।

**साउथ अफ्रीका की टी20 टीम इस प्रकार–**

एडन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीत्ज़के, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन (पहला और दूसरा ), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा टी20ई), एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिज़ाद विलियम्स

**साउथ अफ्रीका की वनडे टीम इस प्रकार–**

एडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वान डेर डुसेन। काइल वेरिन और लिज़ाद विलियम्स

**टेस्टः साउथ अफ्रीका की ळी२३ टीम इस प्रकार–**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com